चादर जुलूस के साथ हजरत शहीद गैबनशाह गाजी का उर्स शुरू, कव्वाली कार्यक्रम आज

जालोर में हजरत मीरा मलिक शाह दरगाह के सालाना उर्स का कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर में हजरत शहीद गैबनशाह गाजी के उर्स को लेकर चादर जुलूस निकाला गया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर स्थित हजरत शहीद गैबनशाह गाजी का सालाना उर्स का आगाज 13 अप्रैल को चादर जुलूस के साथ हुआ। वहीं रात्रि में मिलाद शरीफ व 14 अप्रैल को कव्वाली का कार्यक्रम होगा। वही 12 अप्रैल रात्रि को शहीद ख्वाजा मीर मलिक शाह दातार के उर्स अकीदत के साथ मनाया गया।

इंतजामिया कमेटी हजरत गैबनशाह गाजी दरगाह के अध्यक्ष ने बताया कि हजरत गैबनशाह गाजी के दो दिवसीय सालाना उर्स 13 अप्रैल को चादर जुलूस के साथ शुरू हुआ। चादर जुलूस में मलंगों ने कई हैरत अंगेज करतब दिखाये। हजरत गैबनशाह गाजी के कव्वालियों के बीच चादर जुलूस विभिन्न मार्गो से होता हुआ दरगाह के आस्ताने पहुंचा। वहां हजरत गैबनशाह गाजी के आस्ताने पर चादर पेश कर देश में अमन , चैन व खुशहाली की कामना की। चादर जुलूस में मोमिनो की काफी भीड नजर आई।

उर्स को लेकर दरगाह परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। इंतजामिया कमेटी की ओर से जायरिनो के लिए माकूल व्यवस्था की गई। जायरिनो ने भी हजरत गैबनशाह गाजी के आस्ताने पर अपने अकीदत के फूल पेश कर दुआएं की। रात्रि करीब बाद नमाज ईशा मिलाद शरीफ में मौलाना पीर तरीकत शहजादे गौसे आजम सैयद माज अशरफ अशरफी जिलानी कछोछा शरीफ व मौलाना शनाउल्लाह अजहर मधुपुरी झारखण्ड नूरानी तकरीर की। मिलाद शरीफ में पीरे तरीकत मौलाना सैयद मोहम्मद अली अशरफी जा नसीने भाईजान बाबा डीसा गुजरात भी तशरीफ लाए। वही नात ख्वा मौलाना जफर अकील हजारीबाग झारखण्ड व मौलाना नबील अख्तर नवाज दिल्ली अपने नातिया कलाम से हर किसी को झुमने पर मजबूर कर दिया। वही 14 अप्रैल को रात्रि को कव्वाली का कार्यक्रम में हिन्दुस्तान के मशहुर फनकार अमन अफजल साबरी मुम्बई हजरत शहीद गैबनशाह गाजी की शान में एक से बढकर कव्वाली पेश करेगे।। वही शाही कव्वाल अमजद हुसैन , असलम हुसैन दरबार ए गरीब नवाज अजमेर शरीफ भी कव्वाली प्रस्तुत कर समा बांधेगे। वही रौनक के महफिल गददी नसीन खादिम सैयद सलाहदीन संजरी अजमेर शरीफ ख्वाजा गरीब नवाज भी उपस्थित रहेगे। महफिल ए कव्वाली कार्यक्रम में मेहमानों का भी बहुमान किया जायेगा। 15 अप्रैल अलसुबह गुस्ल की रस्म अदा के साथ उर्स का समापन होगा। उर्स को लेकर इंतजामिया कमेटी द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

वहीं जालोर शहर के स्वर्णगिरी दुर्ग स्थित शहीद मीरा मलिक शाह दातार का उर्स 12 अप्रैल को अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। मलिक शाह दातार के उर्स को लेकर जायरिनो ने किला की चढाई चढकर अपने अकीदत के फूल पेश किये।

रात्रि को बाद नमाज ईशा करीब साढे सवा नौ बजे मिलाद शरीफ में मौलाना कमालुदीन अकबरी मालिया मियाना मोरबी गुजरात ने तकरीर करते हुए मोमिनो को दीन व आका ए रसूल के बताये रास्ते पर चलने की बात कही। उन्होने कहा कि इस्लाम अमन व शांति का पैगाम देता है।

`उन्होंने मोमिनो को पंचगाना नमाजी बनने की नसीहत दी। महफिल ए कव्वाली में कव्वाल शारीक चिश्ती ने अपनी फैमस कव्वाली सूरत को हमने तेरी दिल में बसा लिया... सहित एक से बढकर कव्वालिया पेश कर मोमिनो को अलसुबह तक बैठने पर मजबूर कर दिया। अलसुबह कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन हुआ। इस दौरान इंतजामिया कमेटी के आसिफ खोखर, मुज्जफर अली सैयद, नवाब खान सिलावट, मुस्ताक मेहर, साकिर अली, मेहबूब खान, नाहिद अली, मोजिद मलिक , शाहरुख खा मेहर , सहित सदस्यो का पूर्ण सहयोग रहा।

बिठूजा में तीन कपड़ा इकाईयों में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान

बालोतरा, (नि.सं.)। बालोतरा के बिठूजा औद्योगिक क्षेत्र भैरजी की बाड़ी इलाके में आग लगने से तीन कपड़ा इकाईयां जलकर राख हो गई। आग से धुपाई इकाईयों में अडाण पर सूख रहा लाखों रूपयों का कपड़ा जल गया।

जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम को चार बजे के आस-पास लूणी नदी किनारे एक फैक्टरी में आग लगी। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें दूर-दूर दिखी। इस दौरान कपड़ा इकाईयों में काम कर रहे मजदूरों ने भाग कर जान बचाई। वहीं आसपास के लोगों ने दमकल और प्रशासन को सूचना दी। स्थानीय निवासी रावताराम माली ने बताया कि मजदूरों के जरिये सूचना मिली कि भैरजी की बाड़ी क्षेत्र में तीन फैक्ट्रियों में आग लगी है। जिस पर मेरे द्वारा जिला प्रशासन और दमकल को सूचना दी तथा आस-पास के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। यहां पर पहुंचे तो तीन फैक्ट्रियों में अडाण पर सूख रहा कपड़ा धू-धू कर जल रहा था। बाद में मौके पर पहुंची दमकलों ने बारी-बारी से तीन इकाईयों में लगी आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे पचपदरा तहसीलदार गोपीकिशन पालीवाल ने बताया कि तीन धुपाई इकाईयों में आग से बड़ा नुकसान हुआ है, जिसका आकलन किया जा रहा है। दमकलों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया जिससे आग अन्य इकाईयों में आग नहीं फैली।

सीईटीपी बिठूजा के सदस्य संदीप ओस्तवाल और नेनाराम सुंदेशा ने बताया कि आग से बड़ा नुकसान पहुंचा हैं, स्थानीय लोगों, प्रशासन और दमकलों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग से लाखों रूपए खर्च करने पर अडाण तैयार होता है वो जल गया, व्यापारियों का कपड़ा धुपाई के लिए यहां आया था वो भी जल गया। ट्रस्टी भूराराम बेनीवाल, अमराराम सुंदेशा, श्रवण सुंदेशा, नेमीचंद माली सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे।

महिला सहित तीन घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में रविवार दोपहर को बांगड़ हॉस्पिटल के मुख्य गेट के सामने मिठाई की शॉप से सड़क पर आ रहे युवक की बाइक एक बाइक से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार बिठू मोरिया (रोहट) निवासी 55 साल की राजाराम पुत्र पोमाराम प्रजापत और सिनगारी गांव (रोहट) निवासी 52 उंगली देवी पत्नी मदनलाल प्रजापत घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार राणावास गांव निवासी यश पुत्र भंडाराम भी चोटिल हो गया।

पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का अभियान शुरू

जालोर, (कासं) । भारत विकास परिषद् शाखा जालोर की ओर से रविवार को प्रात शहर के शिवाजी नगर क्षेत्र स्थित नेहरू उद्यान में पक्षियों के लिये परिडें लगाने के कार्य का शुभारम्भ करते हुए पक्षियों लिये 51 परिन्डे लगाये गये।

शाखा अध्यक्ष राजेंद्र भूतडा ने बताया कि मानव समाज में पक्षियों का महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए हमें इस भीषण गर्मी में पक्षियों की सुरक्षा के लिए जगह जगह पानी के परिडे अवश्य लगाने चाहिए। ताकि पक्षियो को पानी के लिये इधर उधर भटकना न पडें । उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में शहर के विभिन्न उद्यानों व सार्वजनिक स्थलों पर परिंडे लगाना तय किया गया है । साथ ही यह अभियान जून माह के अंत तक जारी रहेगा। इस बीच परिषद् के सदस्यों ने नेहरू उद्यान में खङे वृक्षों की शाखाओं पर जगह-जगह परिंडे लगाए। तथा इनकी नियमित सफाई व इसमें पानी भरने की व्यवस्था की भी जिम्मेदारी नियत की गई।

परिषद् शाखा सचिव शान्ति लाल सोनी कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी, महेंद्र आनंद वैष्णव ,प्रेम कुमार परमार, कमल किशोर भूतङा कालूराम कुमावत राजेन्द्र सिंह काबावत,जगदीश अग्रवाल, आनंद खत्री, अम्बालाल माली, हेमराज सुथार, राजेन्द्र चौधरी, बजरंग सिंह,गोविईन्द बोराणा, सुरेन्द्र सिंह, मादाराम, मंशाराम चौहान सहित कई लोग उपस्थित थे।

लखावत ने '1857' के शहीदों की श्रद्धांजलि दी

राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने मारवाड़ जंक्शन के आउवा में कामेश्वर महादेव मंदिर के सत्याग्रह उद्यान स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (निसं)। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने रविवार को मारवाड़ जंक्शन के आउवा के कामेश्वर महादेव मंदिर स्थित सत्याग्रह उद्यान स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को दीप प्रज्वलित कर फूलों द्वारा श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने 1857 में शहीद हुए शहीदों की श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा लिया। उन्होंने सामूहिक बलिदान करने वाले वीरों एवं 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए वीरों और आउवा की वीरता का बखान किया।

साथ ही उन्होंने सत्याग्रह उद्यान के रखरखाव के लिए सुझाव प्राप्त कर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यक्रम पश्चात मेहमानों का स्वागत समारोह आयोजन कर वीरों की वीरता के बखान में लिखित "नमन करु सौ बार आऊवा धर कण ने" गीत बजाया गया, देवल मां का आशीर्वाद लिया। लखावत कार्यक्रम के पश्चात मेला चौक स्थित 1857 स्वतंत्रता संग्राम पैनोरमा स्थल पहुंचे और पैनोरमा देखा। साथ ही इतिहास बताया, पैनोरमा के रखरखाव के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये।

इसके पश्चात उन्होंने मां सुगाली के दर्शन कर प्रस्थान किया।

इस अवसर पर एसडीम महावीर सिंह जोधा, नायब तहसीलदार, थाना अधिकारी चैतराराम, पूर्व सरपंच, प्रशासक, योगेश्वरी, केसर सिंह सहित आउवा के प्रबुद्धजनों सहित कई जने उपस्थित रहे।

राणा सांगा की जयंती मनाई

सायला, (निसं)। सायला के पास बावतरा स्थित कैवाय माता मंदिर प्रांगण में रविवार को क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा सांगा की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें दर्जनों लोगों ने राणा सांगा की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके व्याख्याता दुर्जनसिंह सुराणा ने राणा सांगा के शौर्य, पराक्रम और वीरता का बखान करते हुए कहा कि उन्होंने 1०० से ज्यादा युद्ध लडे, जिसमे वो विजेता रहे। उन्होंने कहा कि महाराणा सांगा मेवा? के महान शासक थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और युद्ध कौशल से विदेशी आ ांताओं को मुंहतो? जवाब दिया। वह राजपूताना के गौरव और एकजुटता का प्रतीक रहे। खानवा के युद्ध में बाबर के विरुद्ध उनके नेतृत्व ने इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जो?ा। विदेशी शक्तियों के सामने कभी झुके नहीं। उन्होंने अपार व्यक्तिगत क्षति सहकर भी अपना गौरव और सम्मान बनाए रखा। दीपसिंह दुदवा ने कहा कि महाराणा सांगा का पूरा जीवन संघर्ष करते हुए बीत गया, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ सभी ल?ाइयों पर विजय प्राप्त की। महाराणा सांगा ने अपने युद्ध कौशल के माध्यम से सर्व समाज को जो?ते हुए उन्हें साथ लेकर अनेकों ल?ाई ल?ी। साथ ही राणा सांगा के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की बात कही। गोष्ठी को सवाईसिंह चंपावत चौराऊ, खंगारसिंह आसाना, अमरसिंह, पहा?सिंह देता, भंवरसिंह सांफा?ा सहित कई वक्ताओ ने संबोधित किया। इस दौरान कैवाय माता मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष उकसिंह बावतरा, दलपतसिंह तूरा, लालसिंह भुंडवा, बाबूसिंह तालियाना, जसवंतसिंह बावतरा, रविन्द्रसिंह निंबावास, शंभूसिंह चौराऊ, धनसिंह ओटवाला, राणसिंह बावतरा, अभयसिंह सुराणा, वि म सिंह सायला सहित कई क्षत्रिय समाजबंधु मौजूद रहे।

प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर के पोस्टर का विमोचन

गोष्ठी के बाद श्री क्षत्रिय युवक संघ के चार दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का आगामी 9 मई से 12 मई 2025 तक गढ बावतरा में आयोजन किया जाएगा।

सालाना उर्स में भीड़ उमड़ी



जालोर में हजरत पीर मखदूम मियां मोटन शाह रहमतुल्लाह अलैह बारला तकिया के सालाना उर्स में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने भाग लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर में शनिवार रात्रि को अराकिन ए दरगाह युवा कमेटी मोयला समाज 14 पटटी जालोर के तत्वावधान में हजरत पीर मखदूम मियां मोटन शाह रहमतुल्लाह अलैह बारला तकिया का सालाना बडी शानो शौकत के साथ मनाया गया। उर्स में काफी अकीदतमंदों ने भाग लिया।

इस मौके पर महफिल-ए-मिलाद का आयोजन किया गया। मंच का संचालन मौलाना सतार नूरी साहब ने किया। जिसमें प्रसिद्ध नातख्वान गुलाम मोइनुद्दीन, फिरोज रजा कादरी, और मुजीब बापू ने वो तो खुशबू की तरह दिल में उतर गया.....प्यारे नबी की जात रब का दुरुद है.....देने वाला है सच्चा नबी....जो सोचा वो पाया मियां मोटन के दर से.....या रब्बाना या रब्बाना.....तेरे घर के फेरे लगाता रहु .....मेरा दिल चमका दे चमकाने वाले.....सहित एक से बढकर एक नातें पेश की।

कार्यक्रम में उलमा-ए-किराम हजरत सैयद कमाल हसन अशरफी उल जिलानी, पीर हजरत सैयद शाकिर अली बुखारी, हजरत सैयद अब्दुलाह शाह जिलानी, हजरत सैयद शादाब अली सहित उलमाओं ने तकरीर करते हुए हजरत की तालीमात और उनके सूफियाना किरदार पर रोशनी डाली।

उर्स के दौरान चादरपोशी की रस्म अदा की गई और सभी जायरीन के लिए लंगर का इंतजाम किया गया। उर्स का यह आयोजन आपसी भाईचारे, मोहब्बत और रूहानियत का प्रतीक बनकर सामने आया।

उर्स को लेकर मोईन खांन, अमीन मोयला, कयूम मोयला, संजय खांन, साहिल खांन सहित कई कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ कर भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

शनिवार देर रात तक जायरीनो का जमावड़ा लगा रहा। जायरीनों ने दरगाह में चादर व फूल पेंशकर देश में अमन चेन की दुआ मांगी।

राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जालोर की कार्यकारिणी घोषित

जालोर में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारिणी के चुनाव हुए। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। अखिल राजस्थान कर्मचारी संयुक्त महासंघ से संबद्ध संगठनों के जिला अध्यक्ष जिला मंत्री तृतीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला कलेक्टर कार्यालय जालोर परिसर मे महासंघ के जिला अध्यक्ष किशनलाल सारण ने महासंघ जिला जालौर के नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

इस दौरान जिला अध्यक्ष किशनलाल सारण ने महासंघ की विधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नई जिला कार्यकारिणी घोषित करते हुए राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील से पूनमचंद बिश्नोई को संरक्षक व ग्राम विकास अधिकारी संघ के रामनारायण को विधि सलाहकार, राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के दलपत सिंह आर्य को सभा अध्यक्ष, उपसभा अध्यक्ष शहजाद खान राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन व अखाराम देवासी राजस्थान डेयरी कर्मचारी संघ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनिवास साहू राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील व समंदर सिंह राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, उपाध्यक्ष रायमल चौधरी आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन प्रगतिशील,ओमप्रकाश बिश्नोई राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ,राधेश्याम तंवर राजस्थान सहायक कर्मचारी संघ, हरिराम सारण राजस्थान शारीरिक शिक्षकसंघ, रामजीवन राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी संघ सांख्यिकी, रामलाल खिलेरी राजस्थान सहायक अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ, सूजाराम राजस्थान पशुपालन सहायक कर्मचारी संघ,वगताराम राजस्थान मिनिस्ट्री सर्विसेज एसोसिएशन, गणपत लाल बिश्नोई राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ, महामंत्री साँवला राम चौधरी राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ, जिला कोषाध्यक्ष रमेश देवासी राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, मंत्री लुम्बा राम चौधरी राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील शत्रुघन बोस राजस्थान आयुर्वेद परिचारक संघ, बाबूलाल सुथार राजस्थान सहायक अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ, कमलेश जानी राजस्थान पटवार संघ संगठन मंत्री भिवाराम देवासी राजस्थान आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन, रघुनाथ राम सुथार राजस्थान स्टेनोग्राफर एसोसिएशन, सुगन लाल भील राजस्थान आयुर्वेद परिचारक संघ , संयुक्त मंत्री वीजाराम राजस्थान वन श्रमिक संघ मालाराम कुराडा राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ,प्रवक्ता शिवदत्त आर्य राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील, कार्यकारी सदस्य गिरधारी राम राजस्थान सहायक कर्मचारी संघ, गगन अजीत सिंह कृषि स्नातक संघ, जयदीप बिश्नोई राजस्थान स्टेनोग्राफर एसोसिएशन, भजनलाल पूनिया राजस्थान पैरा टीचर संघ, संगीता कुमारी राजस्थान एएनएम एचएलवी संघ, वागा भारती राजस्थान पशुपालन सहायक कर्मचारी संघ, विलास कुमार डेयरी कर्मचारी संघ, मासिंगाराम देवासी पैराटीचर संघ, प्रचार मंत्री जटाशंकर अवस्थी पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ,चमनाराम वन श्रमिक संघ, नारायण राम राजस्थान मिनिस्ट्रीय सर्विसेज एसोसिएशन,सुरेश कुमार राजस्थान पशुपालन सहायक कर्मचारी संघ,मनीष भटनागर राजस्थान डेयरी कर्मचारी संघ निर्वाचित किये गये।

महासंघ के जिला मंत्री साँवलाराम चौधरी ने बताया कि जिलाध्यक्ष किशनलाल सारण की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान की जाएगी एवं प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को जिला कारिणी की बैठक आयोजित करने नई कार्यकारिणी का अगले महीने शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित करने सहित सभी घटक संगठनों को मजबूती प्रदान करने के साथ समस्त ब्लॉक मे निर्वाचन कार्यक्रम तत्काल करवाया जाएगा एवं नई टीम गठित की जाएगी ताकि नीतिगत एवं संघटन हित में फैसले लिए जा सके।

विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित विद्या भारती स्कूल द्वारा आयोजित टैलेंट हंट प्रतियोगिता में जिले भर से आए 550 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनमें आत्मविश्वास का विकास करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक के. एन. भाटी रहे, जिन्होंने छात्रों को विद्या भारती संस्था का इतिहास, उद्देश्य और इसकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्या भारती केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कारों राष्ट्रभक्ति और समग्र व्यक्तित्व विकास पर भी बल देती है। अंग्रेजी माध्यम की निदेशक मधुबाला भाटी ने भी बच्चों को उनके अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं बच्चों को विद्यालय की आगामी योजनाओं से अवगत करवाता है विद्या भारती विद्यालय छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए समय समय पर ऐसे नवाचार करता रहता है। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

राजीव भवन के लोकार्पण कार्यक्रम की जानकारी दी

जालोर शहर में जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (नि.सं)। जिला कांग्रेस कमेटी की और से आगामी 15 अप्रैल को आयोजित होने जा रहे कार्यकर्ता सम्मेलन एवम पुननिर्मित राजीव गांधी भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन निजी होटल जालोर में रखा गया।

प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष जन अभियोग निराकरण समिति पुखराज पाराशर ने कहा कि 15 अप्रेल को जालोर में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवम पुनर्निमित कांग्रेस कार्यालय का लोकार्पण होने जा रहा हैं जिसके लिये जिला कांग्रेस कमेटी ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत,कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली को निमंत्रण दिया है साथ ही समस्त अतिथिगण जालोर आयेंगे।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने हेत नेतागण, संगठन पदाधिकारीगण एवम कार्यकर्ता प्रयास कर रहे है।

.उन्होंने कहा कि एआईसीसी एवम पीसीसी के निर्देशानुसार संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है साथ ही हाल ही में अहमदाबाद में आयोजित अधिवेशन की मूल भावना के तहत 2025 संगठन सृजन वर्ष को मानते हुए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुननिर्मित राजीव गांधी भवन निर्माण में सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का सहयोग तन मन धन से रहा है यह भवन सभी कांग्रेसजन का हैं संगठन के पदाधिकारी बदलते रहते हैं लेकिन कांग्रेस कार्यालय सभी वर्तमान एवम भविष्य के बनने वाले जिलाध्यक्ष एवम संगठन पदाधिकारी हेतु काम आएगा।

जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि आगामी 15 अप्रेल को होने जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिले के समस्त संगठन पदाधिकारी मेहनत कर रहे है। कांग्रेस नेतागण, ब्लॉक अध्यक्ष मंडल एवम बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुननिर्मित राजीव गांधी भवन निर्माण में सभी कांग्रेसजन का सहयोग रहा है सभी कांग्रेसजन ने आर्थिक रूप से सहयोग देकर राजीव गांधी के पुननिर्माण में अपनी भागीदारी निभाई है।यह भवन सभी कांग्रेसजन के सहयोग और मेहनत से बना है।अपनी इच्छा अनुसार सभी कार्यकर्ताओं ने इसके पुननिर्माण में आर्थिक सहयोग दिया है।

उन्होंने सभी कांग्रेसजन से आगामी 15 अप्रेल को होने जा रहे कार्य म को सफल बनाने की अपील की।

इस अवसर पर आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, संगठन महासचिव वीरेन्द्र जोशी उपस्थित थे।